# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

**16.08.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

## मुख्य समाचार

- पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर कई श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित–देश के विकास में उनके योगदान को किया गया याद।
- धार्मिक श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया जा रहा है श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व–मंदिरों में भजन–कीर्तन और कथा का आयोजन।
- कृषि और बागवानी विश्वविद्यालय के कुलपति की नियुक्ति को लेकर राजभवन व सरकार के बीच नहीं बनी सहमति–मुख्यमंत्री ने कहा–राज्यपाल से बात कर निकाला जाएगा समाधान।
- चंबा ज़िले में प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा डल झील में छोटे न्हौण के साथ शुरू।
- राज्य के अनेक भागों में 19 अगस्त तक भारी वर्षा की संभावना–भूस्खलन से दो राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 3 सौ 13 सड़कों पर यातायात बंद।

## वाजपेयी पुण्य तिथि

आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य तिथि है। देश व प्रदेश में उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने मूल्यों पर आधारित राजनीति की और अपने पूरे कार्यकाल में सर्वोच्च नैतिक मूल्यों को बनाए रखा। राज्यपाल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी आदर्शवादी नेता रहे है और कांग्रेस व भाजपा सहित सभी राजनीतिक दल उनका सम्मान करते थे।

## जन्माष्टमी

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार आज देश व प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। ये त्योहार भगवान श्री कृष्ण के जन्म की खुशी के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र  मोदी ने देशवासियों को जन्माष्टमी की बधाई दी है। नरेन्द्र मोदी ने आशा व्यक्त की कि जन्माष्टमी का पर्व लोगों के जीवन में नया उत्सांह और नई ऊर्जा लाएगा।

राजधानी शिमला सहित प्रदेशभर में भगवान श्रीकृष्ण के मंदिरों में विशेष भजन–कीर्तन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिससे वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

## लोक निर्माण मंत्री

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि रेणुका विधानसभा क्षेत्र में 10 सड़कों के निर्माण पर 81 करोड़ रूपये खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने आज बेचड़ का बाग में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेले के समापन अवसर पर शिरकत की और सड़कों के निर्माण के लिए लोगों से ज़मीन दान देने का आह्वान किया। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सड़कों का निर्माण राज्य सरकार की प्राथमिकता है और सड़कों व पुलों के निर्माण पर करोड़ों रूपये खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने संगड़ाह–पालर सड़क के स्तरोन्नयन और पालर–पीड़ियाधार सड़क का निर्माण कार्य इस वर्ष दिसम्बर तक पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

## शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज ठियोग उपमंडल के बगैन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस भवन का निर्माण कार्य पिछले कई वर्षों से लंबित पड़ा है और शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को निर्माण कार्य इस वर्ष नवम्बर तक पूरा करने के निर्देश दिए।

बाद में रोहित ठाकुर ने शिलाघुण्ड में ऐतिहासिक रिहाली मेले में शिरकत की और बताया कि राज्य सरकार ने ठोडा खेल को अंडर–19 खेलों के तहत मंजूरी दी है।

## कुलपति नियुक्ति

कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर और बागवानी व वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर राजभवन और सरकार के बीच सहमति नहीं बन पा रही है। राजभवन की ओर से कुलपतियों की नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे गए थे जिसे सरकार ने रद्द कर दिया था। इस बीच राजभवन ने आवेदन की तिथि बढ़ा दी लेकिन उच्च न्यायालय ने इस पर रोक लगा दी है। शिमला में आज पत्रकारों के एक सवाल पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि उन्होंने प्रदेशहित में ही निर्णय लिया है।

दूसरी ओर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य विधान मंडल द्वारा ही विश्वविद्यालय के कुलाधिपति को शक्तियां दी जाती है और सरकार के निर्देशों की पालना होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार राज्यपाल का सम्मान करती है और कुलपति की नियुक्ति सहित अन्य लंबित विधेयकों को लेकर राज्यपाल से बात कर समाधान निकाला जाएगा।

## मणिमहेश यात्रा

चम्बा जिले की विश्वविख्यात मणिमहेश यात्रा आज डल झील में छोटे न्हौण के साथ शुरू हो गई है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर पवित्र डल झील में हजारों लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई और कैलाश पर्वत के दर्शन किए। आधिकारिक रूप से ये यात्रा राधा–अष्टमी तक चलेगी। 15 दिनों तक चलने वाली इस यात्रा के दौरान देश के विभिन्न राज्यों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

मौसम

प्रदेश के कई भागों में आज मॉनसून की वर्षा हुई है। राजधानी शिमला सहित आसपास के क्षेत्रों में आज वर्षा न होने से लोगों को काफी दिनों बाद राहत मिली है। विकासनगर–पंथाघाटी सड़क पर भारी मलबा गिरने से कई घंटे यातायात बाधित रहा। शिमला ज़िले के सुन्नी क्षेत्र में सतलुज नदी का जलस्तर बढ़ने से सुन्नी पुल पर आवाजाही बंद कर दी गई है। राज्य में भूस्खलन से दो राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 3 सौ 13 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं। शिमला ग्रामीण क्षेत्र की बल्देयां–खटनोल सड़क पर भूस्खलन से तीन दिनों से यातायात अवरूद्ध है और लगभग आधा दर्जन पंचायतों का सम्पर्क अन्य भागों से कटा हुआ है। वर्षा से जुड़ी घटनाओं में अब तक 2 सौ 61 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 37 लोग लापता है। मौसम विभाग ने 19 अगस्त तक राज्य के अनेक भागों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है।